# ओलम्पियाड 2025-26
## जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रश्न-पत्र
### माध्यमिक स्तर कक्षा 6 से 8

**समय 3:00 घंटा** **कुल प्रश्न- 120**

(1) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।
(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं, सही उत्तर देने पर 3 अंक दिए जाएंगे।
(3) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक उत्तर सही है, सही विकल्प के लिए OMR शीट के गोले को भरें।

प्र-1. नीचे लिखे शब्दों मे शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(A) प्रामाणिक (B) प्रमाणिक
(C) प्रामणिक (D) परमाणिक

प्र-2. 'मर्कट' शब्द का अर्थ है-
(A) मारकाट (B) वानर
(C) मगर (D) महल

प्र-3. इनमें से लोकोक्ति (कहावत) है-
(A) पहाड़ टूट पड़ना
(B) पत्थर की लकीर होना
(C) नाच न जाने आँगन टेढ़ा
(D) अपना उल्लू सीधा करना

प्र-4. "वह कभी हँसती कभी रोती है।" वाक्य में आई क्रियाएँ हैं -
(A) अकर्मक (B) अपूर्ण
(C) सकर्मक (D) प्रेरणार्थक

प्र-5. हे भगवान ये क्या हो गया? इस वाक्य में रेखांकित शब्द के बाद उचित विराम चिह्न प्रयुक्त होगा-
(A) पूर्णविराम (B) अर्द्धविराम
(C) योजक (D) विस्मयादिबोधक

प्र-6. 'प्रसन्नता' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-
(A) प्र (B) सन्न
(C) प्रसन्न (D) ता

प्र-7. जो रहीम उत्तम प्रकृति, का कर सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त छंद है-
(A) सोरठा (B) दोहा
(C) चौपाई (D) छप्पय

प्र-8. व्यंजन संधि का उदाहरण है-
(A) सत्कर्म (B) सज्जन
(C) सरोवर (D) विद्यालय

प्र-9. वह समास जिसमें दोनों पद प्रधान होते हैं-
(A) द्विगु (B) तत्पुरुष
(C) द्वन्द्व (D) कर्मधारय

प्र-10. 'देखि सुदामा की दीन दशा, करुणा करि के करुणानिधि रोए' पंक्ति में रस है-
(A) शान्त रस (B) वीर रस
(C) हास्य रस (D) करुण रस

**अपठित गद्यांश**

साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इसकी चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। कहने वालों की अपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है। अर्नाल्ड बेनेट ने एक जगह लिखा है कि जो आदमी किसी महान निश्चय के समय साहस से काम नहीं ले सका, जिंदगी की चुनौती को कबूल नहीं कर सका, वह स्वयं को कभी सुखी महसूस नहीं कर पाता। किसी बड़े मौके पर साहस नहीं दिखाने वाले आदमी को उसकी आत्मा की आवाज सदैव कचोटती रहती है। जब साहस दिखाने का अवसर हो, हमें उसे खोना नहीं चाहिए।

**उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए-**

प्र-11. कौन-सा जीवन महान बताया गया है?

(A) कर्तव्यपरायण जीवन

(B) साहसपूर्ण जीवन

(C) उपेक्षित जीवन

(D) आरामदेह जीवन

प्र-12 किस व्यक्ति को उसकी आत्मा की आवाज कचोटती रहती है?

(A) खड़े होकर तमाशा देखने वाले की

(B) मौके का लाभ उठाने वाले की

(C) मौके पर साहस न दिखाने वाले की

(D) मौके पर साहस दिखाने वाले की

प्र-13. दुनिया की असली ताकत है-

(A) कहने वालों की उपेक्षा करके जीने वाला व्यक्ति

(B) वक्त की उपेक्षा करने वाला व्यक्ति

(C) दूर की सोच न रखने वाला व्यक्ति

(D) कहने वालों के अनुसार चलने वाला व्यक्ति

प्र. 14 जो व्यक्ति साहस से काम लेता है वह सदा-

(A) दुखी रहता है (B) चिंतित रहता है

(C) सुखी रहता है (D) भयभीत रहता है

प्र-15. 'बेखौफ' शब्द का अर्थ है-

(A) सुखी (B) निडर

(C) प्रसन्न (D) भयभीत

## अपठित पद्यांश

नील गगन में उड़ते बादल, जैसे हो अम्बर का काजल।
प्यासी होती है जब धरती, बरसा जाते जी भरकर जल।
छम-छम करती बूँदें नाचें, बजती है बरखा की पायल।
सावन-भादों में लहराता, धरती का हरियाला आँचल।
चलती हैं जब तेज हवाएँ, बज उठती है घर की साँकल।

**उपर्युक्त पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर में से सही विकल्प चुनिए-**

प्र. 16 उपर्युक्त कविता का उचित शीर्षक क्या है?

(A) अंतरिक्ष (B) धरती

(C) काजल (D) बादल

प्र. 17 बादल को अम्बर का काजल क्यों कहा है?

(A) बादल उड़ते हैं। (B) बादल फैले होते हैं।

(C) बादल हल्के होते हैं। (D) बादल काले होते हैं।

प्र. 18 सावन-भादों में किसका आँचल लहराता है?

(A) गगन का (B) बादल का

(C) धरती का (D) बरखा का

प्र. 19 घर की साँकल क्यों बज उठती है?

(A) बादलों से (B) तेज हवाओं से

(C) बरखा से (D) बूँदों से

प्र. 20 'अम्बर' का शब्दार्थ क्या है?

(A) आकाश (B) धरती

(C) बादल (D) हवा

**Choose the correct answer to fill in the blanks.**

Q.21 Wounds ___________ fast if bandaged properly.

(A) hill (B) heel

(C) heal (D) peel

Q.22 The work was completed ______ sunset.

(A) for (B) in

(C) at (D) before

Q.23 I haven't seen her _______ last year.

(A) in (B) since

(C) for (D) from

Q.24 Today's weather is _________ than yesterday's.

(A) badder (B) more bad

(C) worse (D) worst

Q.25 ______is a person who can speak two languages.

(A) monolingual (B) polyglot

(C) bilingual (D) polylingual

Q.26 The lion roared ________ "Who woke me up?".

(A) sadly (B) quickly

(C) loudly (D) really

**Choose the correct synonyms.**

Q.27 immunity

(A) resistance (B) pretence

(C) existence (D) excellence

Q.28 stable

(A) mobile (B) rolling

(C) constant (D) steady

**Choose the correct antonyms.**

Q.29 cooked

(A) roasted (B) raw

(C) steamed (D) fried

Q.30 different

(A) dissimilar (B) similar

(C) divergent (D) unlike

**Choose the correct spelling.**

Q.31 (A) tantitive (B) tentitive
(C) tentative (D) tentaitive

Q.32 (A) ignorence (B) ignnorance
(C) ignorrence (D) ignorance

**Choose the correct rhyming words.**

Q.33 Word 'diamond' is rhyming with
(A) almond (B) bond
(C) fond (D) wound

Q.34 'rustle' rhymes with
(A) castle (B) candle
(C) whistle (D) muscle

**Choose the correct articles.**

Q.35 I am going to _____ bank.
(A) a (B) the
(C) an (D) and

Q.36 Mr. Verma is working as _____S.D.M in Vidisha.
(A) a (B) an
(C) the (D) of

**Choose the odd one out.**

Q.37 (A) coach (B) compartment
(C) engine (D) box

Q.38 (A) crowd (B) pupil
(C) herd (D) swarm

**Choose the missing letter.**


Q.39 h_d_led
(A) a, l (B) o, d
(C) u,d (D) e, d

Q.40 fre_u_ntly
(A) q, e (B) e, n
(C) k,n (D) c,e

प्र-41. 'लिख् + क्त्वा' इति प्रत्ययुक्तं पदम् अस्ति-
(A) लेखितुम् (B) लिखित्वा
(C) लिखितवान् (D) लेखनीयम्

प्र-42. भिन्न क्रियापदं चिनुत-
(A) खादामि (B) हसामि
(C) पठामः (D) लिखामि

प्र-43. चित्रे दृश्यते -



(A) गजः (B) अश्वः
(C) धेनुः (D) वानरः

प्र-44. 'वृक्षे चतुरः वानरः निवसति।' अत्र वाक्ये विशेषणपदम् अस्ति-
(A) निवसति (B) चतुरः
(C) वृक्षे (D) वानरः

प्र-45. 'हलम्' शब्दस्य वर्णविच्छेदः अस्ति-
(A) ह्+अ+ल्+अ+म् (B) ह+ल+म्+अ
(C) ह+ल्+म्+अ (D) ह्+अ+ल+म्

प्र-46. स्वरसन्धेः उदाहरणम् अस्ति-
(A) तल्लीनः (B) नमस्ते
(C) प्रत्येकः (D) जगदीशः

प्र-47. अति ...................... वर्जयेत्।
(A) कुत्र (B) तत्र
(C) यत्र (D) सर्वत्र

प्र-48. "रामलक्ष्मणौ" इत्यत्र समासः अस्ति-
(A) तत्पुरुषः (B) द्वन्द्वः
(C) द्विगुः (D) बहुव्रीहिः

प्र-49. 'मम विद्यालयः गृहात् दूरं न अस्ति।' इति वाक्ये अव्ययपदम् अस्ति-
(A) मम (B) विद्यालयः
(C) गृहात् (D) न

प्र-50. 'लट्' लकारस्य रूपम् अस्ति-
(A) करोति (B) भविष्यति
(C) अपठत् (D) लिखतु

प्र-51. "मकरः तस्य मित्रम् अस्ति" इति वाक्ये सर्वनामपदम् अस्ति-
(A) मकरः (B) तस्य
(C) मित्रम् (D) अस्ति

प्र-52. 'वृक्षे एकः पिपासितः काकः अस्ति' इति वाक्ये विशेष्यपदम् अस्ति-
(A) वने (B) पिपासितः
(C) काकः (D) अस्ति

प्र-53. 'कमलम्' इति पदस्य पर्यायपदं न अस्ति-
(A) पङ्कजम् (B) नीरजम्
(C) जलजम् (D) सलिलम्



P.T.O

प्र-54. अधोलिखितानां विलोमपदं मेलयत-

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | विदेशः | (i) | निर्धनः |
| ख | महाधनः | (ii) | अवगुणः |
| ग | सुलभः | (iii) | स्वदेशः |
| घ | गुणः | (iv) | दुर्लभः |

(A) क - (iii) ख - (i) ग - (iv) घ - (ii)

(B) क - (i) ख - (iii) ग - (iv) घ - (ii)

(C) क - (i) ख - (iii) ग - (ii) घ - (iv)

(D) क - (iv) ख - (iii) ग - (ii) घ - (i)

प्र-55. 'गङ्गा हिमालयात् प्रभवति' इति वाक्ये उपसर्गः अस्ति-

(A) गङ्गा (B) हिमालयात्

(C) प्र (D) भवति

प्र-56. 'बालकाय मोदकं रोचते' इति वाक्ये बालकाय शब्दे विभक्तिः अस्ति-

(A) प्रथमा (B) द्वितीया

(C) चतुर्थी (D) पञ्चमी

प्र-57. चित्रे प्रदत्तवृक्षाणां गणनां कृत्वा उचितसंस्कृतसङ्ख्यां चिनुत-



(A) पञ्च (B) सप्त

(C) अष्ट (D) नव

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानाम् उत्तराणि लिखत-

"भारतस्य उत्तरस्यां दिशि हिमालयः पर्वतः अस्ति। सः भारतस्य मुकुटमणिः इव शोभते। सः शत्रुभ्यः अस्मान् रक्षति। अस्य दक्षिणपूर्वदिशि समुद्रः अस्ति। सागरः भारतमातुः चरणौ प्रक्षालयति इव। अस्माकं देशे अनेके पर्वताः सन्ति। हिमालयः भारतस्य चूड़ामणिः अस्ति। एषः नगाधिराजः अपि कथ्यते।"

प्र-58. हिमालयः भारतस्य-

(A) उत्तरस्यां दिशि अस्ति (B) दक्षिणदिशि अस्ति

(C) पूर्वदिशि अस्ति (D) पश्चिमदिशि अस्ति

प्र-59 शत्रुभ्यः अस्मान् रक्षति-

(A) देवालयः (B) हिमालयः

(C) जलम् (D) समुद्रः

प्र-60 हिमालयपर्वतः कथ्यते-

(A) देवाधिराजः (B) राजाधिराजः

(C) नगाधिराजः (D) महाराजः

प्र-61. पक्षी आसमान में आसानी से उड़ पाते हैं-

(A) उनकी हड्डियाँ खोखली होती हैं

(B) उनके पंजे बड़े होते हैं

(C) उनके पंख होते हैं

(D) कथन (A) और (C) दोनों

प्र-62. पानी एवं स्पर्श से फैलने वाले रोगों को कहते हैं-

(A) संक्रामक रोग (B) कैंसर

(C) जोड़ों का दर्द (D) बेरी-बेरी

प्र-63. कोई छात्र बिस्किट, नूडल्स और ब्रेड का लगातार सेवन करता है। उसे अक्सर पेट में दर्द और कब्ज की शिकायत रहती है, कब्ज से छुटकारा पाने के लिये उसे अपने आहार में क्या बदलाव करना चाहिये-

(A) वसायुक्त आहार लेना चाहिये

(B) आहारीय रेशे (रुक्षांश) युक्त आहार लेना चाहिये

(C) बिस्किट, ब्रेड, नूडल्स का अधिक मात्रा में सेवन करना चाहिये

(D) प्रोटीन युक्त आहार लेना चाहिये

प्र-64. यदि पौधों की पत्तियों की सतह पर उपस्थित सूक्ष्म रंध्र वन्द हो जाये तो कौन सी प्रक्रिया सबसे अधिक प्रभावित होगी।

(A) जल का अवशोषण

(B) पोषक तत्वों का परिवहन

(C) प्रकाश संश्लेषण

(D) बीज निर्माण

प्र-65. समुद्र समीर और थल समीर प्रक्रियां उष्मा संचरण की कौन सी विधि दर्शाती है।

(A) चालन (B) संवहन

(C) कभी चालन कभी संवहन (D) वाष्पन

प्र-66. एक छात्र चशमा पहनता है जो अवतल लैंस से बना है, इसका अर्थ है कि-

(A) उसकी आँखे रात में नही देख सकती

(B) वह निकट की वस्तुएँ नही देख सकता

(C) उसकी आँखें रंगों में अन्तर नहीं कर सकती

(D) वह दूर की वस्तुएँ स्पष्ट नही देख सकता

प्र-67. यदि किसी क्षेत्र में बार-बार एक ही फसल उगाई जाती है, तो मिट्टी की उर्वरता पर क्या प्रभाव पड़ेगा और उसका समाधान क्या है?

(A) मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी- रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग

(B) मिट्टी की उर्वरता घटेगी- फसल चक्र अपनाना

(C) मिट्टी की उर्वरता अपरिवर्तित रहेगी- सिचाई बढाना

(D) मिट्टी में जलभराव होगा- निकास व्यवस्था बनाना

प्र-68. एक कम उम्र के रोगी को वायरस से संक्रमित पाया गया है लेकिन डॉक्टर ने उसे कोई प्रतिजैविक नहीं दी, इस निर्णय का क्या तर्क हो सकता है-


(A) प्रतिजैविक बहुत मँहगी होती है

(B) प्रतिजैविक कम उम्र के रोगी को नही दी जाती हैं

(C) प्रतिजैविक केवल जीवाणु संक्रमण पर प्रभावी होती है

(D) प्रतिजैविक आसानी से उपलब्ध नही होती है

प्र-69.




उपरोक्त प्रवाह आरेख में जल की अवस्था के रुपांतरण में क्रमश: (3) व (4) के स्थान पर कौन सी प्रक्रियाएँ होंगी?

(A) संघनन, संघनन (B) संघनन, वाष्पन

(C) पिघलना, वाष्पित होना (D) संघनन, जमना

प्र-70. विद्यार्थी नीचे दी गई तालिका में सूचीबद्ध विभिन्न पौधों का प्रेक्षण करता है-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पीपल | आम | नीम | केला | घास |

विद्यार्थी ने इनमें से किन पौधों की पत्तियों में समांतर शिरा विन्यास देखा होगा?

(A) केला तथा पीपल (B) आम तथा नीम

(C) नीम तथा घास (D) केला तथा घास

प्र-71. मसूड़ों से रक्त निकलना तथा घाव भरने में अधिक समय लगना, किस रोग का लक्षण है? इस अभावजन्य रोग का नाम और उसे दूर करने हेतु, लिया जाने वाला भोजन के घटक का सही युग्म है-

(A) बेरी-बेरी, विटामिन (B1) (B) स्कर्वी, विटामिन C

(C) रिकेट्स, विटामिन (D) (D) एनीमिया, आयरन

प्र-72. दो समान चुम्बकों को एक मेज पर इस प्रकार रखा जाए कि, उनके उत्तर ध्रुव एक दूसरे के सामने हों, तो उन चुम्बकों मे क्या प्रतिक्रिया होगी?

(A) एक दूसरे को आकर्षित करेंगे

(B) एक दूसरे को दूर धकेलेंगे

(C) स्थिर रहेंगे

(D) घूमकर दक्षिण ध्रुव को पास ले आएँगे।

प्र-73. यदि आपको चिकित्सक कहते हैं कि आपको $101^{0}$ डिग्री ज्वर है तो इसका तात्पर्य किस स्केल से है?

(A) सेल्सियस स्केल से

(B) फारेनहाइट स्केल से

(C) सेल्सियस और फारेनहाइट दोनों से

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्र-74. अमर बेल पौधे में क्लोरोफिल नहीं होता है तो फिर यह भोजन कैसे प्राप्त करता है?

(A) मृत जीवों से

(B) वायुमण्डलीय गैसों से

(C) अन्य पौधों पर आश्रित रहकर

(D) जड़ों से भोजन खींचकर

प्र-75. जुगाली करने वाले जानवर घास में पाये जाने वाले सेलुलोस को कैसे पचाते हैं?

(A) वृहदांत्र में उपस्थित जीवाणुओं द्वारा

(B) दाँतों द्वारा

(C) अंधनाल में उपस्थित जीवाणुओं द्वारा

(D) क्षुद्रांत्र द्वारा

प्र-76. नीचे दी गई कौन-सी स्थिति चालन, संवहन और विकिरण तीनों के संयोजन को दर्शाती है-

(A) धूप में बैठा व्यक्ति

(B) गैस चूल्हे पर रखी चाय

(C) हीटर के सामने रखा लोहे का पाइप

(D) धूप में रखा पत्थर

प्र-77. साँस लेने और छोड़ने के दौरान डायफ्राम का कार्य है-

(A) रक्त को ऑक्सीजन देना

(B) हवा को गर्म करना

(C) फेफड़ों को खींचना और छोड़ना

(D) भोजन को नलिका में भेजना

प्र-78. वाहनों के पार्श्व दर्पण (side mirror)में उत्तल दर्पण ही क्यों लगाया जाता है?

(A) यह प्रतिबिंब स्थायी होता है।

(B) इसमें प्रतिबिंब सुंदर दिखाई देते है।

(C) यह अधिक क्षेत्र के दृश्य का प्रतिबिंब बना सकता है।

(D) इसमें प्रतिबिम्ब बड़े दिखाई देते हैं।

प्र-79. किस स्थिति में एड्रिनालाई-1 हार्मोन की मात्रा अत्यधिक स्त्रावित होगी-

(A) गहरी नींद में

(B) पानी पीने के तुरंत बाद

(C) क्रोध, चिंता की अवस्था में

(D) योगाभ्यास करते समय

प्र-80. किसी बहुमूर्तिदर्शी में अनेक रंगीन छवियाँ बनती हैं, इसका प्रमुख कारण क्या है?

(A) रंगीन काँच प्रकाश को अवशोषित करता है।

(B) कई बार परावर्तन होता है।

(C) प्रकाश के अपवर्तन के कारण

(D) परावर्तन न होने के कारण

प्र-81. त्रिभुजाकार संख्याओं के अनुक्रम में अगला पद हैं- 1, 3, 6, 10, 15, 21, ........

(A) 28 (B) 26 (C) 25 (D) 24

प्र-82. 2 बजे घड़ी की सुईयों के बीच बनने वाले कोण हैं-

(A) न्यूनकोण और अधिक कोण

(B) अधिक कोण और समकोण

(C) प्रतिवर्ती कोण और न्यून कोण

(D) प्रतिवर्ती कोण और सरल कोण

प्र-83. दी गई संख्याओं में से सम्पूर्ण संख्या (perfect Number) है-

(A) 28 (B) 56 (C) 27 (D) 16

प्र-84. जोसफ को एक केक का $\frac{1}{8}$ हिस्सा मिलता है। उसे $\frac{1}{2}$ केक खाने के लिए ऐसे कितने हिस्से और चाहिए-

(A) 2 (B) 1 (C) 3 (D) 4

प्र-85. एक वर्ग में सममिति की रेखाएँ होती हैं-

(A) 2 (B) 4 (C) 6 (D) 8

प्र-86. मध्यप्रदेश के कुछ शहरों का क्षेत्रफल किलोमीटर में चित्रालेख द्वारा दर्शाया गया है-

| जिला | क्षेत्रफल ⊘=1000 वर्ग किलोमीटर |
|---|---|
| बैतूल | ⊘⊘⊘⊘⊘⊘⊘⊘⊘⊘ |
| रायसेन | ⊘⊘⊘⊘⊘⊘⊘⊘⊘◖ |
| निवाड़ी | ⊘ |
| दतिया | ⊘⊘ |
| उमरिया | ⊘⊘⊘⊘ |

दिए गए शहरों के क्षेत्रफलों का आरोही क्रम हैं-

(A) निवाड़ी, दतिया, बैतूल, उमरिया, रायसेन

(B) निवाड़ी, दतिया, बैतूल, रायसेन, उमरिया

(C) निवाड़ी, दतिया, उमरिया, रायसेन, बैतूल

(D) निवाड़ी, उमरिया, दतिया, बैतूल, रायसेन

प्र-87. यदि एक आयत की लंबाई, उसकी चौड़ाई की दुगुनी हैं तथा आयत की चौड़ाई x है, तो आयत का परिमाप होगा-

(A) $2x^2$ (B) 6x

(C) 3x (D) $6x^2$

प्र-88. एक पांसे को फेंके जाने पर चार आने की प्रायिकता होगी-

(A) $\frac{4}{6}$ (B) $\frac{2}{6}$

(C) $\frac{1}{6}$ (D) $\frac{3}{6}$

प्र-89. 14 के वर्ग में इकाई का अंक है-

(A) 4 (B) 5 (C) 6 (D) 7

प्र-90. 1cm भुजा वाले कितने घनों से 2cm भुजा वाला एक घन बनेगा?

(A) 4 (B) 2 (C) 8 (D) 6

प्र-91. ऐसे कोण का माप क्या हैं, जो अपने संपूरक कोण के समान हो-

(A) 90° (B) 180° (C) 45 (D) 75°

प्र-92. प्रकाश ने दो क्रिकेट मैच खेले। उसने अपने पहले मैच में दूसरे मैच से दो गुने रन बनाये। यदि दोनों मैच के कुल रन एक शतक से 2 अधिक है तो प्रकाश ने दूसरे मैच में कितने रन बनाये?

(A) 32 (B) 33 (C) 35 (D) 34

प्र-93. 15 से छोटी कुल अभाज्य संख्याएँ हैं-

(A) 4 (B) 5 (C) 6 (D) 7

प्र-94. वर्ग की भुजा दो गुनी करने पर उसका क्षेत्रफल हो जाता है-

(A) बराबर (B) दो गुना
(C) चार गुना (D) तीन गुना

प्र-95. यदि तापमान $-4^{\circ}C$ से बढ़ कर $4^{\circ}C$ हो गया, तो तापमान में कितनी वृद्धि हुई?

(A) $9^{\circ}C$ (B) $10^{\circ}C$
(C) $7^{\circ}C$ (D) $8^{\circ}C$

प्र-96. एक संख्या के दोगुने में 7 जोड़ने पर 29 प्राप्त होते हैं, वह संख्या हैं-

(A) 11 (B) 12 (C) 13 (D) 14

प्र-97. एक समबहुभुज का प्रत्येक बाह्य कोण का माप $30^{\circ}$ है, तो सम बहुभुज मे भुजाओं की संख्या होगी-

(A) 15 (B) 10 (C) 8 (D) 12


प्र-98. q के दोगुने और 15 के योग का गणितीय कथन होगा-

(A) q+15 (B) q-15
(C) 2q-15 (D) 2q+15

प्र-99. $(2^{\circ}+3^{\circ}+4^{\circ})$ का मान होगा-

(A) 0 (B) 9
(C) 3 (D) $9^{0}$

प्र-100. यदि $m||n, l$ त्रिर्यकछेदी रेखा है, तो $x$ का मान होगा-




(A) $100^{\circ}$ (B) $35^{\circ}$
(C) $125^{\circ}$ (D) $55^{\circ}$

प्र-101. सुनहरा रेशा किस फसल को कहा जाता है-

(A) कपास (B) पटसन
(C) मक्का (D) कॉफी

प्र-102. रेगिस्तान के बारे में सोचते ही सभी के मन में रेत का दृश्य उभरता है। निम्नलिखित में से लद्दाख रेगिस्तान की कौन सी विशेषता नहीं है-

(A) यहाँ की वायु परत पतली होती है।
(B) यहाँ की जलवायु अत्यधिक शीतल एवं शुष्क होती है।
(C) यहाँ वर्षा बहुत अधिक होती है।
(D) शीत ऋतु में यह बर्फीला व ठंडा हो जाता है।

प्र-103. वायुमंडल की किस परत में हवाई जहाज उड़ाने के लिए अनुकूल दशाएँ होती हैं-

(A) क्षोभमंडल (B) समतापमंडल
(C) मध्यमंडल (D) बाहयमंडल

प्र-104. यह चित्र किस स्थलाकृति को प्रदर्शित करता है-



(A) डेल्टा (B) लोएस
(C) विसर्प (D) हिमनद

प्र-105. किसी विचार अथवा आविष्कार पर एकमात्र अधिकार से तात्पर्य है-

(A) प्रौद्योगिकी (B) पेटेन्ट
(C) संसाधन (D) संरक्षण

प्र-106. ऐसी प्रक्रिया जिसमें धातुओं को उसके अयस्कों द्वारा गलनांक बिंदु से अधिक तपाकर निष्कर्षित किया जाता है-

(A) वाष्पीकरण (B) प्रगलन
(C) उर्ध्वपातन (D) फटकना

प्र-107. शासन का वह अंग जो कानूनों को लागू करने का कार्य करता है वह कहलाता है-

(A) निर्वाचन आयोग (B) मानवाधिकार आयोग
(C) कार्यपालिका (D) न्यायपालिका

प्र-108. स्थानीय निकायों के कार्यों में सम्मिलित नहीं है-

(A) सार्वजनिक साफ-सफाई

(B) सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर ध्यान देना।

(C) दूसरे देश के साथ संबंधों का निर्धारण करना

(D) पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करना।

प्र-109. वर्तमान समय में एक केन्द्रीयकृत ऑफिस (दफ्तर) जहाँ फोन के माध्यम से ही उपभोक्ताओं की समस्याओं और उनसे जुड़े प्रश्नों के जबाब दिए जाते हैं-

(A) कॉल सेंटर (B) पोस्ट ऑफिस

(C) राजस्व कार्यलय (D) पंजीयन कार्यलय

प्र-110. संयुक्त परिवार की प्रमुख विशेषता है-

(A) अलग-अलग रसोई

(B) स्वतंत्र जीवन शैली

(C) केवल माता-पिता और बच्चे

(D) परिवार के रूप में कई पीढ़ियों का एक साथ रहना

प्र-111. राज्य स्तर की विधायिका है-

(A) लोकसभा (B) विधानसभा

(C) पंचायत (D) राज्यसभा

प्र-112. सिंधु-सरस्वती सभ्यता का राखीगढ़ी नगर- वर्तमान में किस राज्य में है-

(A) पंजाब (B) गुजरात

(C) राजस्थान (D) हरियाणा

प्र-113. मेहरानगढ़ किला कहाँ स्थित है-

(A) जोधपुर में (B) जयपुर में

(C) अजमेर में (D) कोटा में

प्र-114. "सृजनात्मक शिक्षा को केवल प्राकृतिक परिवेश में ही प्रोत्साहित किया जा सकता है।" यह विचार किस समाज सुधारक का था-

(A) अरविन्दो घोष (B) रविन्द्रनाथ टैगोर

(C) स्वामी विवेकानंद (D) स्वामी दयानंद सरस्वती

प्र-115. 'सहस्त्राब्दी' में कितने वर्षों का कालखण्ड शामिल होता है-

(A) 100 वर्ष (B) 1000 वर्ष

(C) 500 वर्ष (D) 800 वर्ष

प्र-116. राजा राममोहन राय के समाज सुधार कार्यों में शामिल नहीं था-

(A) सतीप्रथा का विरोध

(B) महिलाओं के अधिकार

(C) पूर्वी सभ्यता का प्रचार

(D) भारतीय और पश्चिमी सभ्यता के बीच समन्वय

प्र-117. यदि आप पूर्व की ओर मुख करके खड़े हो तो उत्तर दिशा आपके किस ओर होगी-

(A) दायीं ओर (B) बायीं ओर

(C) आगे की ओर (D) पीछे की ओर

प्र-118. दिए गए चित्र के अनुसार कमीज का विक्रय मूल्य कितना होगा-




(A) 1800 (B) 1500

(C) 1300 (D) 2000

प्र-119. पावरलूम किस उद्योग से संबंधित है-

(A) लोहा-इस्पात उद्योग

(B) सूती वस्त्र उद्योग

(C) मत्स्य पालन उद्योग

(D) सूचना एवं प्रोद्योगिकी उद्योग

प्र-120. निम्न को सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

| | |
|---|---|
| (a) वेतन - | (i) वृक्षारोपण अभियान |
| (b) शुल्क- | (ii) सामुदायिक रसोई में निःशुल्क सहयोग |
| (c) सामुदायिक सहभागिता- | (iii) सेवाओं अथवा परामर्श का भुगतान |
| (d) सेवा- | (iv) नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को किया जाने वाला नियत भुगतान |

(A) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

(B) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(D) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

------xx------